पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

---

# राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत विशेष योगाभ्यास सत्र के 5वें दिन विद्यार्थियों और अधिकारियों ने उत्साह से किया अभ्यास

---

लखनऊ : 05 जून, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में राजभवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2025) की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर आधारित विशेष योगाभ्यास सत्र के 5वें दिन भी बड़ी संख्या में विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राएं, राजभवन के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं अन्य योग साधकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कर योग के महत्व को अनुभव किया।

यह विशेष योग सत्र, जिसका शुभारंभ 01 जून, 2025 को हुआ था, प्रतिदिन 20 जून, 2025 तक नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

---

संपर्क सूत्र :

दिलशाद अहमद
सूचना अधिकारी, राजभवन
मोबाइल : 9696185895







एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग
11
वां अंतर्राष्ट्रीय

